INDIA NON JUDICIAL

Government of Uttar Pradesh

e-Stamp

PARIOM VERMA
Stamp Vendor
Licence No. 13
Agra

सत्यमेव जयते

Certificate No.	:	IN-UP14008822732892T
Certificate Issued Date	:	20-Oct-2021 01:45 PM
Account Reference	:	NEWIMPACC (SV)/ up14556404/ AGRA SADAR/ UP-AGR
Unique Doc. Reference	:	SUBIN-UPUP14556404175274780815167T
Purchased by	:	SMT MANTODEVI SAMAJOTTHAN ABM SHEKSHIK S MATHURA
Description of Document	:	Article 19 Certificate or other Document
Property Description	:	Not Applicable
Consideration Price (Rs.)	:	
First Party	:	SMT MANTODEVI SAMAJOTTHAN ABM SHEKSHIK S MATHURA
Second Party	:	UPPESC
Stamp Duty Paid By	:	SMT MANTODEVI SAMAJOTTHAN ABM SHEKSHIK S MATHURA
Stamp Duty Amount(Rs.)	:	10 (Ten only)

Please write or type below this line

श्रीमती मन्तोदेवी समाजोत्थान एवं शैक्षिक समिति

प्रधान सहायक

संशो. स्मृति-पत्र

1—संस्था का नाम— श्रीमती मन्तोदेवी समाजोत्थान एवं शैक्षिक समिति।
2—संस्था का पता— ग्राम सुखदेव बुर्ज पो0 अकोस जिला-मथुरा।
3—संस्था का कार्यक्षेत्र— सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश होगा।
4—संस्था के उद्देश्य—

1— अल्पसंख्यक आयोग/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग एवं केन्द्रीय व राज्य सरकार के सम्बन्धित विभागों मंत्रालयों के सहयोग से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों को संचालित कर समाज व देश की तरक्की करने का प्रयास करना।

2— संस्था द्वारा जो भी शैक्षिक संस्थान/कालेज खोले जायेंगे उनमें जैन समुदाय के छात्र-छात्राओं के प्रवेश प्राथमिकता के आधार पर करना व जैन समाज/समुदाय के हितों की रक्षा करना।

3— संस्था के अन्तर्गत स्थापित स्कूल, कालेज, डिग्री कालेज पी0जी0 कालेज, बी0टी0सी0 डी0एड0 एम0एड0 बी0एड0 बी0पी0एड0, मेडिकल, पैरामेडिकल, लॉ कालेज, इंजीनियरिंग, प्रबन्धन, कृषि, शिक्षा सम्बन्धी तकनीकी आदि संस्थाओं का प्रबन्ध कर विशेषतः जैन छात्र/छात्राओं को प्रवेश प्राथमिकता के आधार पर कर उन्हें स्वावलम्बी एवं आत्म निर्भर करना।

4— शिक्षा विकास हेतु आधुनिक पाठ्यक्रम पर आधारित शिक्षण संस्थानों की स्थापना विभिन्न विश्वविद्यालयों से सम्बद्धता प्राप्त कर स्थापित करना तथा सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0ई0 शिक्षा पद्धति के शिक्षण संस्थानों स्थापना कर उनका विधिवत प्रबन्धन संचालन करना।

5— संस्था द्वारा कार्यक्षेत्र में कम्प्यूटर शिक्षा, इंजीनियरिंग, बायो-टेक्नोलॉजी, बायो इंजीनियरिंग, डेन्टल कालेज, फिजियोथेरेपी कालेज, तथा डी0एम0एल0टी0 आदि के साथ रिसर्च एण्ड डवलपमेन्ट सेन्टर की स्थापना एवं संचालन शासन से अनुमति प्राप्त करके करना इसके साथ विभिन्न विषयों पर शोध कार्य का संचालन करना। जैन अल्पसंख्यक इसकी लिए सम्बद्धता एवं आर्थिक सहयोग विभिन्न विभागों से लेना।

6— निर्धन, अनाथ, अपाहिज, जैन अल्पसंख्यक बच्चों व निराश्रित महिलाओं व वृद्धजनों के कल्याण हेतु कार्य करना। विशेषतः जैन छात्र/छात्राओं के लिये शिक्षा संस्थान विद्यालय, पुस्तकालय, वाचनालय, छात्रावास आवासीय विद्यालयों की स्थापना/प्रबन्धन करना तथा निर्धन छात्रों के भरण पोषण की व्यवस्था व उन्हें छात्रवृत्ति दिलाने की व्यवस्था करना एवं शासन प्रशासन से अनुदान एवं वित्तीय सहायता दिलाने का प्रयास करना।

7— संस्था के नाम से व अन्य नामों से कार्यक्षेत्र में प्राइमरी-जूनियर विद्यालय, स्कूल, कालेजों इन्स्टीट्यूशन, प्राईवेट आई0टी0आई0 कालेज आदि की स्थापना करना व उनका विधिवत प्रबन्ध संचालन करना।

8— समाज की निर्धन एवं बेसहारा, लड़कियों, विधवाओं की शादी विवाह में सहायता करना एवं दहेज मुक्त सामूहिक शादी विवाह सामाजिक रीति रिवाजों के अनुसार आयोजित करना तथा जैन अल्पसंख्यक समुदाय के गरीब, निर्धन एवं असहायों की देखभाल एवं उनकी मदद करना। जैन समुदाय के हितों की रक्षा व संस्था की अन्य सम्पत्ति की उचित व्यवस्था संरक्षण तथा अभिवृद्धि करना।

सत्य प्रतिलिपि

कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स

9- जैन मत के सिद्धान्तों की अभिवृद्धि हेतु देश विदेश एवं प्रदेश की समान उद्देश्यों वाली संस्थाओं से सम्पर्क स्थापित करना एवं उनका सहयोग करना एवं ऐसी संस्थाओं से वित्तीय अनुदान, चन्दा, ऋण, सहयोग प्राप्त कर व सहयोग देना प्राप्त आय से समाज विकास हेतु विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम चलाना।

10- जैन मत के सिद्धान्तों एवं जैन तीर्थंकरों के उपदेशों का प्रचार एवं प्रसार करना।

11- श्रमण तथा श्रमणी वृन्दों के आहार, विहार तथा आवास आदि की समुचित व्यवस्था करना।

12- संयम साधक व्रतियों का उत्थान करना। समाज में व्याप्त अज्ञानता एवं अंध विश्वासों के निवारण हेतु प्रयासरत रहना।

13- विभिन्न पर्वों पर आराधना हेतु उचित व्यवस्था करना एवं कार्यक्रमों का आयोजन करना।

14- शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु प्रयासरत रहना एवं आवश्यकतानुसार शिक्षण-प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना कर उनका प्रबन्ध संचालन करना।

15- स्वस्थ सामाजिक परम्पराओं को प्रोत्साहन देना। जैन मत का प्रचार प्रसार करना।

16- [illegible] की भावना नागरिकों में पैदा करना समय समय पर गोष्ठियों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रवचनों का आयोजन करना देश व समाज के कल्याण के लिये कार्य करना।

17- जीव दया एवं जीवन रक्षा के लिये प्रयासरत रहना गौरक्षण, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य रक्षा, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रमों, अपाहिज, दीन-दुखियों की सेवा वृद्धजनों के वृद्धाश्रम, शीतकालीन रैनबसेरा, प्याऊ अथवा ग्रामीण क्षेत्रों में राहत शिविरों के माध्यम से लोगों की सेवा आदि कार्यक्रमों को समय समय पर चलाना।

18- जैन अल्पसंख्यक एवं अन्य मेधावी अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करना।

19- जैन समाज को मांस, मद्यपान, जुआ, और दहेजप्रथा मुक्त रखना एवं वैध अवैध धन के बारे में प्रचार करना व सामाजिक कुरीतियों व बुराईयों को दूर करने का हर सम्भव प्रयास करना।

20- राज्य/भारत सरकार की किसी द्वारा स्थापित बोर्डों/विश्वविद्यालयों द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों/उपाधियों हेतु प्रदान किये जाने वाले प्रमाण पत्रों को न प्रदान किया जायेगा और न ही ऐसे पाठ्यक्रम बिना राज्य/भारतसरकार की अनुमति के संचालित किये जायेंगे।

सत्य प्रतिलिपि

कार्या० उप निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स
प्रयागराज

26/10/21

5– प्रबन्धकारिणी समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के नाम, पता, पद एवं व्यवसाय दिये गये हैं जिन्हें नियमानुसार संस्था का कार्यभार सौंपा गया है–

क्र० सं० नाम पदाधिकारीगण	पता	पद	व्यवसाय
1–श्री दीवान सिंह पुत्रश्री नेतराम	ग्राम सुखदेव बुर्ज पो० अकोस मथुरा	अध्यक्ष	सेवानिवृत्त
2–श्री रामगोपाल पुत्रश्री कन्हैयालाल	ग्राम सराय सालवान पो० नगला जिला–मथुरा	उपाध्यक्ष	कृषि
3–श्रीमती विमलेश देवी पत्नीश्री सीताराम	ग्राम सुखदेव बुर्ज पो० अकोस मथुरा	प्रबन्धक	समाजसेवा
4–श्रीमती कमलेश सिंह पत्नीश्री [illegible] सिंह	ग्राम नगला चन्दन इण्डस्ट्रियल एरिया कृष्णानगर मथुरा	उपप्रबन्धक	समाजसेवा
5–श्री किशन सिंह पुत्रश्री गोपाल सिंह	ग्राम व पोस्ट बरौली तहसील महावन जिला–मथुरा	कोषाध्यक्ष	कृषि
6–श्रीमती प्रेमवती पत्नीश्री [illegible] पाण्डेय	[illegible] बल्देव तहसील महावन जिला–मथुरा	सदस्य	समाजसेवा
7–श्रीमती शकुन्तला पाण्डेय पत्नीश्री मधुसूदन पाण्डेय	[illegible] रोड बल्देव तहसील महावन जिला–मथुरा	सदस्य	गृहकार्य

6–हम निम्न हस्ताक्षर कर्ता घोषित करते हैं कि उक्त स्मृति–पत्र एवं संलग्नक नियमावली के अनुसार सोसाइटी रजिस्ट्रेशन अधि०–21 सन्1860 के अन्तर्गत एक समिति का पंजीयन करना चाहते हैं

दिनांक–10–09–96

सत्य प्रतिलिपि
सहायक उप निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स आगरा